भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 12.08.2024

आरेडिका में 89वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का समापन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 09.08.2024 से 11.08.2024 तक चले 89वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप–2024 के आयोजन का भव्य समापन हो गया। जिसमें कुल 48 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी जिसमें मुख्य हैं डिस्कस थ्रो, जैवेलिन थ्रो, हैमर थ्रो, ट्रिपल जम्प, दौड, लम्बी कूद, ऊँची कूद, वाकरेस, शॉटपुट, एवं पोलवॉल्ट, आदि। जिसमें विभिन्न रेलवे के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने विजय पताका फहरा कर अपने अपने जोन को गौरवांवित किया।

इस चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का पुरस्कार पूर्व रेलवे की लिली दास को मिला वहीं सर्वश्रेष्ठ एथलीट पुरुष के विजेता सेण्ट्रल रेलवे के तेजस शिर्सी रहे। टीम चैंपियनशिप महिला की विजेता ईस्टर्न रेलवे एवं उप विजेता दक्षिण रेलवे की टीम रही। टीम चैंपियनशिप पुरुष की विजेता दक्षिण पश्चिम रेलवे एवं उप विजेता मध्य रेलवे की टीम रही।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। महाप्रबंधक मिश्रा ने आरेडिका खेल–कूद संघ, रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड, ऑब्जर्बर, टेक्नीकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन, डीडी न्यूज, डीडी स्पोर्ट एवं नाडा के सभी सदस्यों का आभार जताया जिनके अथक परिश्रम और लग्न से इन प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन संभव हुआ।

आरेडिका की पदमश्री एवं अर्जुन पुस्कार प्राप्त तथा आरेडिका की खेलाधिकारी सुधा सिंह के सानिध्य में तैयारी कर रही आरेडिका की मुनीता प्रजापति ने 20किमी महिला वाक में स्वर्ण पदक, सोमनाथ ने 800 मीटर में स्वर्ण पदक, 35किमी वाक में पायल ने स्वर्ण पदक एवं नन्ही ने 400 मीटर हर्डल दौड़ में रजत पदक तथा आरेडिका ने 4 X 400 मीटर मिश्रित रिले दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

प्रतियोगिताओं के सकुशल सम्पन्न कराने पर विभिन्न स्थानों से आये खिलाड़ियों ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के खेल– कूद संघ का आभार जताया।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि बहादुर प्रसाद एरिना में प्रतियोगिताओं के लिए विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया जिससे सभी खिलाड़ी अपना शत्प्रतिशत प्रदर्शन दे सकें एवं खिलाड़ियों की खेल भावनाओं का सम्मान किया जा सके। भाविष्य में भी आरेडिका खेल–कूद संघ इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन में अपना योगदान देता रहेगा।

12.8.2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी